दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 13 मई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 225

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

**चांदा/सुलतानपुर (आरएनएस)।** स्थानीय क्षेत्र के सदरपुर गांव दो बच्चों को तालाब डूबने से हुई मौत रविवार की सुबह तालाब में नहाने गये बच्चों में से दो बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। पूरा मामला चांदा कोतवाली क्षेत्र के सदरपुर गांव की है जहा पर गांव के ही पदविनिया तालाब के नाम से मशहूर तालाब में गांव के बच्चे नहाने चले गये। जिसमे से नहाते समय बच्चे गहरे पानी में चले गये। जिसमे से दो बच्चे डूब गये गांव वालो की मदद से दोनों बच्चों को तालाब से निकाला गया। जिसे लोगो द्वारा आनन् फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सको ने दो बच्चों को मृत घोषित किया। दोनों बच्चों की पहचान बलवंत पुत्र राजकुमार उम्र लगभग 13 वर्ष व शिवा गुप्ता पुत्र जय प्रकाश उम्र 14 वर्ष निवासी गण सदरपुर थाना चांदा जनपद सुलतानपुर के रूप में हुई। घटना की सूचना पर परिजनों में मातम छाया हुआ है। मौत की सूचना पर चांदा पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र प्रतापपुर कमैचा में पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है लिखा पढ़ी की कार्यवाही की जा रही है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष चांदा रविन्द्र सिंह ने बताया कि ममाले की जानकारी होने पर पुलिस को भेजा गया शव के कब्जे में लेकर कार्यवाही की जा रही है।

### स्कूलों के बाद अब दिल्ली के 2 बड़े अस्पतालों को मिली बम से उड़ाने धमकी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने के बाद अब दो बड़े अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने इस बार भी पुराने पैटर्न को दोहराते हुए ईमेल भेजा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक ये धमकी भरा मेल संजय गांधी अस्पताल और बुरारी अस्पताल के पास आया है। बताया जा रहा है कि बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि धमकी भरे ईमेल की शिकायत अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस से की थी। इसके बाद आननफानन में पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस के अलावा वहां दमकल विभाग, बम और डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंची है। अस्पताल के चप्पे-चप्पे को खंगाला जा रहा है।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में आईईडी, हथियार व गोला-बारूद बरामद

**जम्मू (आरएनएस)।** सुरक्षा बलों ने रविवार को जम्मू एवं कश्मीर के रियासी जिले में हथियारों और गोला-बारूद के साथ एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि यह बरामदगी रविवार सुबह नौ बजे कोट बुधान वन क्षेत्र से की गई। उन्होंने बताया कि बरामद हथियारों में नौ इलेक्ट्रिक डेटोनेटर के साथ एक आईईडी, तीन पिस्तौल, तीन मैगजीन, एक किलो विस्फोटक पाउडर, आठ 8.9 वोल्ट डीसी बैटरी, तीन लिथियम आयन 12 वोल्ट बैटरी, तीन इलेक्ट्रिक वायर बंडल (लगभग 50 मीटर), 10 एए सेल (1.2 वी), छह बड़े आकार के चुंबक, सात विस्फोटक सुरक्षा फ्यूज आदि शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा, मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### गाजा पर इजराइली हवाई हमले में दो डॉक्टरों की मौत


**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह शहर पर रविवार को इजराइली हवाई हमले में दो डॉक्टर मारे गए। डॉ. मुहम्मद निम्र कजात और उनके बेटे डॉ.यूसुफ इजराइली युद्धक विमानों के हमले में मारे गए। उनके शवों को दीर अल-बलाह में अल-अक्सा शहीद अस्पताल में रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा में संघर्ष शुरू होने पर दोनों दीर अल-बलाह में विस्थापित हो गए थे। इससे पहले इजराइली लड़ाकू विमानों ने मध्य गाजा पट्टी के कई इलाकों को निशाना बनाया था। इसमें 24 लोगों की मौत हो गई थी। पट्टी के उत्तर में जबालिया में इजराइली विमानों की बमबारी में सात अन्य लोग मारे गए।

# 21 साल बाद पृथ्वी से टकराया सबसे मजबूत सौर-तूफान, कम्युनिकेशन और जीपीएस सिस्टम पर दिखेगा बड़ा असर

**नई दिल्ली ।** आरएनएस

एक मजबूत सौर तूफान हमारी पृथ्वी से टकराया है। इस तूफान को भू-चुंबकीय तूफान के नाम से जाना जाता है। इस तूफान का असर नेविगेशन, संचार और रेडियो सिग्नलों पर पड़ सकता है।इस तूफान को 2003 के बाद से सबसे खतरनाक तूफान माना जा रहा है। इसी कड़ी में स्टारलिंक सैटेलाइट के ऑनर एलन मस्क ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल से एक लेटेस्ट पोस्ट जारी किया है।

एलन मस्क अपने इस पोस्ट में जियोमैग्नेटिक सौर-तूफान को एक बड़ा तूफान बताते हैं। वे कहते हैं कि यह लंबे समय बाद एक बड़ा तूफान है। स्टारलिंक सैटेलाइट बहुत दबाव में है। हालांकि, हम अभी भी टिके हुए हैं। मस्क अपने इस पोस्ट में जियोमैग्नेटिक सौर-तूफान का तीन घंटों का डेटा शेयर करते हैं, जो कि 9 मई 2024 को शुरू हुआ था। मस्क ने स्पेस वैदर प्रिडिक्शन का चार्ट दिखाया गया है।



इस चार्ट में जियोमैग्नेटिक सौर-तूफान की फ्रिक्वेंसी दिखाई गई है।

नोआ के अनुसार, इंसान सोलर साइकिल 25 के पीक के बेहद करीब हैं। यह 11 साल में घटने वाले ऐसा समय है जब सूरज अपने उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों फ्लिप करता है। इस दौरान बहुत सी अंतरिक्ष और मौसम से जुड़ी घटनाएं घट सकती हैं। इस स्थिति को सोलर मैक्सिमम भी कहा जाता है। ह्लह्र् भू-चुंबकीय तूफानों को त्र1 से त्र5 तक के स्केल पर रैंक करता है। इस रैंक के साथ कमजोर और सबसे छोटे तूफान से लेकर सबसे बड़े तूफान को दिखाया जाता है। जहां त्र1 को कमजोर और त्र5 को सबसे बड़ा तूफान माना जाता है।

दरअसल, सूरज की सतह पर कोरोनल मास इजेक्शन यानी विशाल विस्फोट होते हैं। इस विस्फोट के साथ ऊर्जावान कणों की धाराएं अंतरिक्ष में पहुंचती है। यही कण जब पृथ्वी तक पहुंचते हैं तो चुंबकीय क्षेत्र में गड़बड़ी पैदा करते हैं। इस स्थिति को ही भू-चुंबकीय तूफान कहा जाता है।

इन तूफान का क्या पड़ता है असर

1. इन तूफान का सीधा असर कम्युनिकेशन सिस्टम, त्रक्कस् और इलेक्ट्रिसिटी पर पड़ सकता है।

2. जी5 तूफान की वजह से कई घंटों तक हाई फ्रीक्वेंसी रेडियो ब्लैकआउट की घटना घट सकती है।

3. इन तूफान का असर पावर सप्लाई में भी देखा जा सकता है।

**बड़ा सड़क हादसा**

# कार की टक्कर से बाप-बेटे समेत 4 की मौत, परिवार में पसरा मातम



**झाबुआ ।** आरएनएस

मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में रविवार को भीषण हादसा हो गया। जहां कार और बाइक में जोरदात भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस मामले पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी में मुताबिक, यह घटना राणापुर थाने क्षेत्र के कालिया-कोटड़ी चौराहे की है। जहां कार और बाइक में भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त की थी कि बाप-बेटे सहित 4 लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राणापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवा दिया है। इधर, घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद हैं। वहीं इस घटना के बाद परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल, पुलिस मर्ग कायम कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**रांची ।** आरएनएस

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी। याचिका में कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका को खारिज करने को चुनौती दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ 13 मई को मामले की सुनवाई करेगी।

गौरतलब है कि इसी पीठ ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले के आरोपों के मामले में एक जून तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था।



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सोरेन द्वारा चुनाव के मद्देनजर अपनी रिहाई की मांग को लेकर दायर एक अलग याचिका का निपटारा कर दिया। इसमें कहा गया है कि तीन मई को गिरफ्तारी के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका खारिज करने के आदेश के मद्देनजर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता की प्रार्थना निरर्थक हो गई है।

ईडी द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किए जाने के बाद हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

# नदी में नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

❏ **ड्रमंडगंज स्थित सेवटी नदी में नहाते समय हुई घटना**

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर ।** आरएनएस



ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज स्थित सेवटी नदी में रविवार सुबह दस बजे के करीब नहाते समय गहरे पानी में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से आनन-फानन में दोनों भाइयों को नदी के गहरे पानी से बाहर निकाला।उपचार हेतु नैड़ी कठारी स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सक ने देखते ही दोनों भाइयों को मृत घोषित कर दिया। दोनों भाइयों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। महोगढ़ी गांव निवासी लवकुश केसरी का नौ वर्षीय पुत्र लक्ष्य और सात वर्षीय पुत्र रूद्र अपने चचेरे भाई आठ वर्षीय आदर्श पुत्र सोनू केसरी के साथ घर वालों को बिना बताए घर से पांच सौ मीटर दूर ड्रमंडगंज स्थित सेवटी नदी के अमहवा घाट पर नहाने चले गए। जहां नहाते समय गहरे पानी में जाने से दोनों सगे भाई लक्ष्य और रुद्र पानी में डूबने उतराने लगे तो साथ में गया चचेरा भाई दोनों भाइयों को बचाने के लिए चीख-पुकार करते हुए घर पहुंचा। स्वजन आनन-फानन में नदी पर पहुंचे ग्रामीण मुनिराज ने दोनों भाइयों नदी के गहरे पानी से बाहर निकाला। आनन-फानन में परिजन उपचार हेतु नैड़ी कठारी स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सक ने दोनों भाइयों को मृत घोषित कर दिया।मृत बालकों का शव घर पहुंचने पर परिजनों रोने बिलखने लगे। वहीं घटना की जानकारी होने पर तहसीलदार लालगंज आशीष पांडेय, ग्राम प्रधान महोगढ़ी सुरेश केसरी देवहट कौशलेंद्र गुप्ता ने स्वजनों को ढांढस बंधाते हुए शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक लक्ष्य कक्षा तीन और रुद्र कक्षा एक में ड्रमंडगंज स्थित एक निजी विद्यालय के छात्र थे। मृतक भाइयों की एक दो वर्षीया बहन है। घटना से पूरा गांव शोक में शोक की लहर व्याप्त हो गई है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक के घर पहुंच रहे ग्रामीणों की आंखें नम हो जा रही है। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूबने से महोगढ़ी गांव निवासी दो सगे भाइयों की मौत हो गई है। घटना की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर नील गाय को बचाने के प्रयास में कार डिवाइडर से टकराई, तीन लोगों की दर्दनाक मौत

**दौसा ।** आरएनएस

दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर नील गाय को बचाने के प्रयास में कार डिवाइडर से टकरा गई। तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में छह लोग घायल हो गए। ये सभी रिश्तेदार की अस्थियां लेकर विसर्जन करने हरिद्वार जा रहे थे।



दौसा जिले के बांदीकुई थाना इलाके के आभानेरी के नजदीक दिल्ली मुंबई-एक्सप्रेस वे पर यह हादसा हुआ। मृतक और घायल एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं।

कार सवार परिवार अपने किसी परिचित की अस्थियां लेकर हरिद्वार जा रहा था, लेकिन इस बीच आभानेरी के पास नील गाय सामने आ गई। उसे बचाने के दौरान तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई।

हादसे के बाद कार में सवार लोग नीचे उतर रहे थे। इसी बीच पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उनको कुचल डाला। इस हादसे में हंसमुख, उसकी पत्नी सीमा और चाचा मोहनलाल की मौके पर मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलने पर बांदीकुई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। एक महिला को गंभीर हालत में बेहतर इलाज के लिए जयपुर रैफर किया गया है। पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

शुरुआती जांच में सामने आया है कि बीते दिनों हंसमुख की मां का निधन हो गया था। उसके बाद परिवार के लोग अहमदाबाद से उनके अस्थि विसर्जन के हरिद्वार जा रहे थे। तभी यह हादसा हो गया।

### मध्य प्रदेश : भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष की सड़क हादसे में मौत

**रायसेन ।** आरएनएस

मध्य प्रदेश में रायसेन जिले के भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश किरार की सडक़ हादसे में मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जयप्रकाश किरार शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अपने साथियों के साथ उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन कर रायसेन लौट रहे थे। रायसेन के करीब सांची रोड पर ग्राम खानपुरा में उनकी कार का टायर पंचर हो गया था। जब वह इसे बदल रहे थे, तभी एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में किरार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जयप्रकाश किरार भाजपा के जिला अध्यक्ष रह चुके थे। वे मूल रूप से विदिशा के निवासी हैं। उनकी पत्नी भी अनीती किरार भी जिला पंचायत अध्यक्ष रही हैं।

# ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर तीन बच्चों को छोड़कर मां-बाप हुए गायब

**ग्वालियर ।** आरएनएस

मध्य प्रदेश के ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर तीन मासूम लावारिस हालत में मिले हैं। उनको उनके मां-बाप स्टेशन पर छोडक़र गायब हो गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्वालियर के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर छह-सात साल की दो बच्चियों के अलावा एक नवजात शिशु लावारिस हालत मिला है। नवजात शिशु कुछ झुलसा हुआ है। उसे कमला राजे अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के थाने से मिली जानकारी के मुताबिक, रेलवे स्टेशन पर सहयात्रियों और ऑटो चालकों के जरिए उन्हें दो बालिकाओं और एक नवजात के



लावारिस हालत में होने की सूचना मिली थी। बच्चे आरपीएफ को इतना ही बता सके कि वे अपने माता-पिता के साथ धौलपुर से यहां आए थे। दोनों कहां चले गए इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। दोनों बच्चियों को बालिका गृह भेज दिया गया है। नवजात शिशु को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।


आरपीएफ को सूचना मिली है कि इन बच्चों के मां-बाप धौलपुर की तरफ से ग्वालियर आए थे।

# यमुनोत्री धाम में भक्तों की भीड़ देख पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूले, श्रद्धालुओं से कहा-स्थगित करें यात्रा

**उत्तरकाशी ।** आरएनएस

12 मई यानी कि आज श्रद्धालुओं के लिए बद्रीनाथ धाम के कपाट खोल दिए गए हैं। इस मौके पर बद्रीनाथ धाम के रावल और बदरी पांडुकेश्वर बद्रीनाथ धाम में भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को देख पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। वहीं उत्तरकाशी पुलिस ने भक्तों की तादात को देखते हुए आज की यमुनोत्री यात्रा स्थगित करने की अपील की है।

यमुनोत्री मार्ग का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें धाम की ओर जाने वाले पहाड़ी मार्ग पर भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु दिख रहे हैं। बता दें कि 10 मई अक्षय तृतीया के दिन चार धाम यात्रा शुरू हो गई है। केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए पहले ही दिन करीब 32 हजार श्रद्धालु पहुंचे। वहीं आज यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के बाद भी भारी से अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इतनी तादात में भक्तों की भीड़ देख पुलिस-प्रशासन के माथे पर चिंता के पसीने बह रहे हैं। सोशल मीडिया पर यमुनोत्री मार्ग का एक वीडियो वायरल होने के बाद राज्य सरकार की तैयारियों पर सवाल खड़े हो गए हैं।



वीडियो में दर्शन करने को लेकर भक्तों का उत्साह साफ़ देखा जा रहा है और श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरा नजारा देख उत्तरकाशी पुलिस ने आज यमुनोत्री यात्रा स्थगित करने की अपील की है। पुलिस ने ट्वीट कर लिखा है किज् आज श्री यमुनोत्री धाम पर क्षमता के अनुसार पर्याप्त श्रद्धालु यात्रा के लिये पहुँच चुके हैं। अब और अधिक श्रद्धालुओं को भेजना जोखिम भरा है। जो भी श्रद्धालु आज यमुनोत्री यात्रा पर आने जा रहे हैं, उनसे विनम्र अपील है कि आज यमुनोत्री जी की यात्रा स्थगित करें।

### यमुनोत्री धाम में एक और महिला श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत, यात्रा के दो दिनों में तीन मौतें

**उत्तरकाशी (आरएनएस)।** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा का रविवार को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद पूरी तरह आगाज हो गया। हर दिन यहां हजारों की संख्या में लोग धाम में दर्शन करने आ रहे हैं। वहीं, यमुनोत्री धाम के कपाट खुले अभी सिर्फ दो ही दिन हुए हैं और यहां दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं में से अब तक तीन की मौत हो चुकी है। केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट 10 मई को खुले थे। यमुनोत्री धाम में 10 मई को ही दो श्रद्धालुओं की अलग-अलग स्थान पर दिल का दौरा पडऩे से मौत हो गई थी। यात्रा के दूसरे दिन शनिवार 11 मई को भी यमुनोत्री धाम में एक ओर श्रद्धालु की मौत हो गई। महिला तीर्थ यात्री की मृत्यु भी हृदय गति रुकने से हुई है। जानकारी के अनुसार, यमुनोत्री धाम के दर्शन करने जा रही मध्य प्रदेश के नीमच की रहने वाली संपत्तिबाई (62) की जानकी चट्टी के निकट बेहोश हो गई थी। अन्य तीर्थ यात्रियों ने महिला तीर्थ यात्री को जानकी चट्टी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही कर शव को परिजनों को सौंप दिया।